भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.08.2024

## आरेडिका में 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप में खिलाडियों ने दर्ज की शानदार जीत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 09.08.2024 से 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन चल रहा है जिसमें हैमर थ्रो, 10 हजार मीटर दौड़,1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़,100 मीटर दौड ऊँची कूद, 20 किमी वाकरेस, शॉटपुट, पोलवॉल्ट, लॉग जंप, ट्रिपल जंप, आदि प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ जिसमें रेलवे के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने जोन को गौरवांवित किया।

1500 मीटर पुरूष दौड़ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रोहतेश ओहरे ने प्रथम और उत्तर मध्य रेलवे के अजीत कुमार ने द्वितीय तथा बनारस लोको वकर्स के अजय कुमार बिन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अमलन बॉरगॉन ने प्रथम एवं दक्षिण मध्य रेलवे के एन. शंमूगा श्रीनिवास ने द्वितीय तथा आईसीएफ के बी. शिव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

20 किमी महिला वाकरेस में आरेडिका की मुनीता प्रजापति ने प्रथम एवं पश्चिमी रेलवे की सेजल सिंह ने द्वितीय और दक्षिण पश्चिम रेलवे की रवीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला शॉटपुट प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की रेखा प्रथम स्थान पर रहीं वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की योगिता ने द्वितीय स्थान तथा पटियाला लोको वर्क्स की मनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला हैमर थ्रो में पश्चिम रेलवे की अनिशा दहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पूर्व रेलवे की कुलविंदर कौर ,उत्तर रेलवे की सरिता पी सिंह ने क्रमश द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के नियंत्रण एवं निरीक्षण के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त नियंत्रण कक्ष बनाया गया। दिनांक 11.08.2024 सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर चैंपियनशिप का भव्य समापन होगा।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजयी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

10.8.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी